दैनिक
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
# क्यूँ न लिखूँ सच
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
बर्षः- 03
अंकः-265
मुरादाबाद
14 January 2024
(Sunday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संक्षिप्त समाचार



### खून से रंगे हाथ: बहन के प्रेमी ने की थी नाबालिग भाई की हत्या, घर में किसी को आपत्तिजनक हालत में देखने पर कत्ल!

कानपुर में छह दिन से लापता बच्चे का शव बंबा में मिलने के मामले में नया खुलासा हुआ है। बच्चे की हत्या उसकी बहन के प्रेमी ने की थी। घर में किसी को आपत्तिजनक हालत में देखने पर हत्या की आशंका जताई जा रही है। हत्या का आरोपी प्रेमी फरार है। पुलिस ने उसके साथी को उठाया है। कानपुर के सेन पश्चिम पारा के स्वर्ण जयंती विहार निवासी वरुण ( 12 ) की गला रेतकर हत्या करने के मामले में पुलिस के हाथ अहम जानकारी लगी है। अब तक की जांच में साफ हो गया कि मृतक की बहन के प्रेमी ने ही उसकी हत्या की थी। हालांकि, हत्या की स्पष्ट वजह हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही चल सकेगा। पुलिस जल्द वारदात का खुलासा कर सकती है। सूत्रों के अनुसार चार जनवरी की शाम को वरुण की बहन से मिलने उसका प्रेमी घर पर आया था। उसके अलावा एक और शख्स भी मौजूद था। तभी वरुण स्कूल से लौटा, जिसके बाद उसे जानबूझकर नमकीन और बिस्किट लाने के लिए भेज दिया गया। सूत्रों की मानें तो वरुण ने घर में किसी को आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। यह बात कहीं बाहर न चली जाए, इसलिए बहन का प्रेमी वरुण को नौबस्ता बंबा के पास ले गया। वहां अपने एक साथी को बुलाकर उसके साथ मिल वरुण की गला रेतकर हत्या करने के बाद शव को बंबा में बहा दिया। शव छह दिन बाद चकेरी थाना क्षेत्र में बंबा में उतराता मिला था। पुलिस ने उसके साथी को उठा लिया है। पुलिस प्रेमी की तलाश में जुटी है। दूसरी ओर पुलिस को विशाल की मां और बहन पर भी कुछ जानकारियां छिपाने का शक है। पुलिस के हाथ दो मोबाइल नंबर लगे हैं, जिसमें से एक बहन के प्रेमी का व दूसरा घर में मौजूद दूसरे शख्स का बताया जा रहा है। दोनों ही मोबाइल नंबर बंद जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक मृतक की मां और बहन फिलहाल अपने परिचितों से काफी दिन पहले ही संबंध खत्म होने का दावा कर रही हैं। थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि जल्द वारदात का खुलासा किया जाएगा।

## श्री सोनल माता का जीवन जनकल्याण के लिए समर्पित रहा, जन्म शताब्दी पर बोले पीएम मोदी

पीएम ने कहा चारण समाज के विद्वानों के बीच उनका एक विशेष स्थान हुआ करता था। उन्होंने कितने ही युवाओं को दिशा दिखाकर उनका जीवन बदला। आई श्री सोनल मां की जन्म शताब्दी के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो संदेश जारी कर उन्हें याद किया। वीडियो संदेश में पीएम मोदी ने कहा कि श्री सोनल मां का जीवन जनकल्याण, देश सेवा और धर्म के लिए समर्पित रहा। जूनागढ़ में लोगों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि सोनल मां का पूरा जीवन जनकल्याण, देश सेवा और धर्म के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कई महान लोगों जैसे भगत बापू, विनोबा भावे, रविशंकर महाराज, कानभाई लाहरी, कल्याण शेठ के साथ काम किया।



### प्रधानमंत्री ने चारण समाज की तारीफ की

प्रधानमंत्री ने कहा कि आई श्री सोनल मां की जन्म शताब्दी पौष के पवित्र महीने में पड़ रही है और यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मैं इस पवित्र कार्यक्रम से जुड़ा। प्रधानमंत्री ने पूरे चारण समाज को इस अवसर पर बधाई दी और कहा कि मढड़ा धाम चारण समाज के लिए शक्ति, परंपराओं और विधान का केंद्र है। मैं श्री सोनल मां के चरणों में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। पीएम ने कहा चारण समाज के विद्वानों के बीच उनका एक विशेष स्थान हुआ करता था। उन्होंने कितने ही युवाओं को दिशा दिखाकर उनका जीवन बदला। उन्होंने समाज में शिक्षा के प्रसार के लिए अद्भुत काम किया। सोनल मां ने व्यसन और नशे के अंधकार से समाज को निकालकर नई रोशनी दी। कच्छ के वोवार गांव से उन्होंने बहुत बड़ा प्रतिज्ञा अभियान शुरू किया था।

पशुधन के प्रति भी उनका उतना ही बल था। पशुधन की रक्षा करने पर वह हर क्षेत्र में हर समय आग्रह करती थीं। चारण समाज में एक से एक विद्वानों हुए है। पूज्य ठारण बापू, ईसर दास जी, पिंगलशी बापू, काग बापू, मेरूभा बापू, शंकरदान बापू, शंभुदान जी, भजनीक नारणस्वामी, हेमुभाई गढवी, पद्मश्री कवि दाद और पद्मश्री भीखुदान गढवी ऐसे कितने ही व्यक्तित्व चारण समाज के विचारों को समृद्ध करते रहे हैं। विशाल चारण साहित्य आज भी इस महान परंपरा का प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने कहा आज जब भारत विकसित और आत्मनिर्भर होने के लक्ष्य पर काम कर रहा है, तो आई श्री सोनल मां की प्रेरणा, हमें नई ऊर्जा देती है। इन लक्ष्यों की प्राप्ति में चारण समाज की भी बड़ी भूमिका है। सोनल मां के दिए गए 51 आदेश, चारण समाज के लिए दिशा दर्शक और पथ दर्शक हैं। चारण समाज को इसे याद रखना चाहिए और समाज में जागृति लाने का काम निरंतर जारी रखना चाहिए।

## सीएम योगी ने 1150 महिलाओं को दिए मुफ्त सिलाई मशीन, बोले- आत्मनिर्भर बनाना सबसे जरूरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं को स्वावलंबन का उपहार दिया। उन्होंने शनिवार को महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज सिविल लाइंस के परिसर में सुबह आयोजित समारोह में 1150 महिलाओं को मुफ्त सिलाई मशीन का वितरण किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में 1150 महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित किए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी जानते हैं कि देश की आधी आबादी (महिलाओं) को सशक्त किए बिना हम भारत को सशक्त और समर्थ नहीं बना सकते। इसके लिए हमें उन्हें एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करना होगा और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं को स्वावलंबन का उपहार दिया। उन्होंने शनिवार को महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज सिविल लाइंस के परिसर में सुबह आयोजित समारोह में 1150 महिलाओं को मुफ्त सिलाई मशीन का वितरण किया। बता दें कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद मूल्यपरक शिक्षा के साथ ही समाज सेवा और स्वावलंबन के विभिन्न प्रकल्पों का भी सशक्त माध्यम है। परिषद की तरफ से महिलाओं के लिए 3 जनवरी से सात दिवसीय सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यशाला का औपचारिक समापन 9 जनवरी को महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय (एमपीपीजी कॉलेज) जंगल धूसड़ में हुआ।



## पीएम मोदी ने बदल दी राजनीति की परिभाषा, नमो नवदाता अभियान के शुभारंभ पर बोले जेपी नड्डा

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नमो नवदाता अभियान के शुभारंभ के मौके पर कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति की परिभाषा बदल कर रख दी है। यही वजह है कि विपक्ष को उठाने के लिए मुद्दे नहीं मिल रहे हैं।भारत की करीब 61 फीसदी आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है। यह हमारी ताकत, उर्जा और संपत्ति है। यह विकसित भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह बात शनिवार को दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मुख्यालय पर नमो नवदाता अभियान के शुभारंभ के मौके पर पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा ने कही। नड्डा ने कहा,



कई लोग कहते हैं कि वे राजनीति नहीं करते हैं। लेकिन, आप पाएंगे की जीवन के सभी क्षेत्रों में राजनीति है। चाहे स्थिति जो भी हो, आपको राजनीतिक होना ही होगा। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति की परिभाषा बदल कर रख दी है। यही वजह है कि विपक्ष को उठाने के लिए मुद्दे नहीं मिल रहे हैं। उन्हें कोई समस्या नहीं है।

## सीएम मोहन यादव की सुरक्षा में बड़ी चूक, पुलिस की वर्दी पहनकर घुसा शराबी युवक, लड़कियों से की बदतमीजी

शहडोल में मुख्यमंत्री मोहन यादव की सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि जिस गेट से सीएम यादव को प्रवेश करना था, उसी गेट पर एक शराबी युवक पुलिस की वर्दी पहने हुए खड़ा था। इतना ही नहीं उस युवक ने वहां मौजूद लड़कियों के साथ भी बदतमीजी की है।सीएम डॉक्टर मोहन यादव के शहडोल पहुंचने से पहले उनकी सुरक्षा में एक बड़ी चूक का मामला सामने आया है। एक अज्ञात व्यक्ति शराब पीकर नशे की हालत में पुलिस की वर्दी पहने सुरक्षा जवानों के बीच घुस गया और उनके बीच ही खड़ा था। वह दोपहर 12 बजे के आसपास उस प्वाइंट के पास जा पहुंचा, जहां से सीएम मोहन यादव को



पॉलिटेक्निक मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रवेश करना था। लड़कियों के बीच घुस गया फर्जी पुलिस- मध्य प्रदेश पुलिस की वर्दी पहनकर युवक पुलिस के सामने ही खड़ा होकर रौब दिखा रहा था। जिस गेट से सीएम यादव को प्रवेश करना था, उसी गेट से सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाली लड़कियां प्रवेश कर रही थीं। उसी दौरान वह नशे की हालत में उनके बीच घुस गया और बात करने लगा। मीडिया ने पूछा तो भागने लगा- जब मीडियाकर्मियों ने पूछा की उक्त अज्ञात पुलिसकर्मी नशे की हालत में कैसे लड़कियों से बात कर रहा है, तभी वह भागने लगा। बड़ी बात ये थी कि अधिकारियों और पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में वह निकलकर भागने लगा, लेकिन किसी भी पुलिसकर्मी ने उसे नहीं पकड़ा। प्रभारी बोले हमारे टीम में नहीं- इधर, गेट के प्रभारी टीआई रघुवंशी ने बताया कि वह कौन था, उसकी हमें जानकारी नहीं है। मेरी टीम में 9 लोग हैं, उनमें वो शामिल नहीं है। उन्होंने कहा कि वह कौन था उसका पता लगवाते हैं।

## मायावती को मिला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण, शामिल होने पर विहिप ने दिया ये जवाब

अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बसपा सुप्रीमो मायावती को भी आमंत्रित किया गया है। इसके लिए उन्हें आमंत्रण पत्र भेजा गया है। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बसपा सुप्रीमो मायावती को आमंत्रित किया गया है। इसके लिए उन्हें निमंत्रण भेजा गया है। विश्व हिंदू परिषद ने शनिवार को बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को कार्यक्रम के लिए निमंत्रण भेजा गया है। विहिप के अनुसार, उन्होंने निमंत्रण स्वीकार कर लिया है लेकिन कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगी। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में फिल्म कलाकारों, वैज्ञानिकों, खिलाड़ियों सहित अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी हस्तियों को आमंत्रित किया गया है। वहीं,




विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने मीडिया से कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को भी कुरियर से निमंत्रण भेजा गया था अगर उन्हें निमंत्रण नहीं मिला तो फिर से भेजा जा सकता है।बीते दिनों अखिलेश यादव ने कहा था कि अगर उन्हें आमंत्रित किया गया तो वह अयोध्या जाएंगे। हालांकि, उन्होंने बाद में कहा था कि जब भगवान श्रीराम बुलाएंगे तब वह अयोध्या जाएंगे। निमंत्रण मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा था कि मैं किसी ऐसे व्यक्ति के निमंत्रण पर कैसे जा सकता हूं जिसे मैं नहीं जानता। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में उद्योगपति भी शामिल होंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और अधीर रंजन चौधरी ने कार्यक्रम में शामिल होने से इंकार कर दिया।

## बंगाल में साधुओं पर हमला: श्रीराम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी भड़के, कहा- भगवा रंग देख भड़क जाती हैं CM ममता



श्रीराम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास महाराज ने बंगाल में साधुओं पर हुए हमले को लेकर सीएम ममता पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि ममता को भगवा रंग देखकर गुस्सा आ जाता है। इसलिए वो हमले कराती हैं।श्रीराम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास महाराज ने पश्चिम बंगाल में साधुओं पर हुए हमले पर पलटवार किया है। उन्होंने बंगाल की मुख्यमंत्री पर हमला बोला। आचार्य सत्येन्द्र दास ने कहा कि किसी ने ममता बनर्जी को मुमताज खान नाम दिया था। राम नवमी और अन्य धार्मिक जुलूसों पर हमले हुए हैं। जब वह भगवा रंग देखती हैं तो उन्हें गुस्सा आ जाता है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि वो हमले कराती हैं। यह घटनाएं बेहद निंदनीय हैं। दरअसल, पश्चिम बंगाल में भीड़ द्वारा साधुओं की पिटाई करने से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो बंगाल के पुरुलिया जिले का बताया जा रहा है। दावा है कि साधु गंगासागर जा रहे थे, लेकिन पुरुलिया में गुंडों ने उनकी बेरहमी से पिटाई की। 30 सेकेंड के वीडियो में साधुओं के एक समूह को भीड़ ने निर्वस्त्र कर पीटा। वीडियो में सड़क पर भारी भीड़ देखी जा रही है। एक शख्स संत के केश पकड़कर खींच रहा है।

दूसरा लाठी से निर्वस्त्र संत की पिटाई कर रहा। इसके अलावा कुछ लोग लात भी मार रहें हैं। घटना के बाद भाजपा आईटी सेल के अध्यक्ष अमित मालवीय ने सीएम ममता पर हमला बोला है। अमित मालवीय ने इस घटना की तुलना 2020 में पालघर में हुई घटना से की। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा कि, पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में बहुत ही चौंकाने वाला घटना सामने आई है। मकर संक्रांति के लिए गंगासागर जा रहे साधुओं के समूह को सत्तारूढ़ टीएमसी से जुड़े अपराधियों ने निर्वस्त्र कर पीटा। ममता बनर्जी को अपनी चुप्पी पर शर्म आनी चाहिए। क्या आपके लिए इन साधुओं की कोई अहमियत नहीं है? हमें इस अत्याचार का जवाब चाहिए। हालांकि, इस मामले पर टीएमसी की तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास महाराज ने कहा कि भगवान राम के राजनीतिक इस्तेमाल पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी, आचार्य सत्येन्द्र दास ने कहा कि दो प्रकार की नीति है, एक राजनीति और दूसरी धर्मनीति। उन्होंने (भाजपा) भगवान राम को अपना बनाया और आज उनके पास उनका आशीर्वाद है। यह राजनीति नहीं बल्कि धर्मनीति है। राम राज्य अब आ रहा है।

## संपादकीय Editorial

### Speaker's questionable decision

Maharashtra Assembly Speaker Rahul Narvekar took more than 18 months to give his decision on the petitions to disqualify MLAs, yet the system is questionable. The speaker kept explaining which is the 'real Shiv Sena'? Who is its leader? Which constitution of the party is valid? What were the powers of Uddhav Thackeray? In Shiv Sena, the National Executive is more powerful than the party chief. The Election Commission had already given its decision on Shiv Sena. The party's name and election symbol 'bow and arrow' had been allotted to Eknath Shinde's army, but the Supreme Court had different questions. Since the Speaker has ruled that Shinde faction is the 'real Shiv Sena'. Uddhav Thackeray did not have the right to remove Shinde from the post of legislature party leader. The wishes and decisions of the party chief were not those of the national executive. The Speaker did not consider Uddhav Thackeray's leadership as constitutional. The amendments made in the Shiv Sena Constitution in 2018 were also not recognized because that document was not available in the Election Commission. An important question arises here that whose signatures were on the party candidate papers that were issued for the 2019 general elections and then the assembly elections and which were also accepted by the Election Commission? How can Uddhav Thackeray be 'constitutional' here? The Election Commission and the Speaker should give clarification on the Constitution, because this is a matter related to the Constitution. Speaker Narvekar has based his arrangement on the Shiv Sena constitution of 1999, in which then party chief Bal Thackeray had established the supremacy of the national executive rather than the party chief. The judicial bench of the Supreme Court also believes that the organization of the party is more important and powerful than the legislative party, because it is the core. There can be many political branches. However, the party constitution of 1999 may not be completely relevant in 2024, because after that the Lok Sabha elections of 2004, 2009 and 2014 have been held. Assembly elections have also been held. If amendments were not made in the Constitution and organizational elections were not conducted in Shiv Sena, then much was not valid. Rather it was questionable. Questions regarding signatures on candidate papers will also be raised continuously. Many legal challenges will arise after the Speaker's decision. However, the power of Chief Minister Eknath Shinde is secure and stable. The Speaker has not disqualified the MLAs of any party, but Shinde Sena should refrain from celebrating for now, because Uddhav Thackeray has clearly said that the Speaker's decision will be challenged in the Supreme Court. Since he considers this decision to be a murder of democracy, the Constitution and the 10th Schedule, he would like a review by the Supreme Court. Another controversial matter before the Speaker is that he has to give arrangements on the division of NCP by January 31. More than 40 NCP MLAs are constituents of the ruling NDA. Deputy Chief Minister Ajit Pawar is their leader. The political turmoil in Maharashtra will continue and the Lok Sabha elections are just about three months away. Assembly elections are also to be held this year. Shinde Sena's troubles do not seem to be ending. Rather, troubles will be seen emerging from within the alliance itself. BJP is a very big party. As an alternative, it has Ajit Pawar's faction, which can show different areas in Maharashtra to BJP. BJP has been relatively weak in those areas. A lot will become clear even before the general elections. Uddhav Thackeray would like to garner some sympathy by appealing .

# Issue: Time to bridge the digital divide, bridging the gap of inequality is a big challenge.

Many programs are running under Digital India to enhance youth skills. But there is still huge inequality between North and South and between men and women. As the Lok Sabha elections approach in the new year, the political heat will increase. During this time, many non-essential issues may come to the center of debate, due to which other issues will be left out of the discussion. But there is one issue which is related to the future of the country. This is-human capital. India is a young nation, where the average age is only 28 years. There is talk about the country's demographic dividend, but it is not guaranteed that this benefit will materialise, as a vast majority of the youth are still unable to realize their full potential. Lack of human capital is a major reason for this. Education and marketable skills are key elements of human capital. Without this, new opportunities emerging in the changing world system cannot be taken advantage of. There are few people who are equipped with the skills required for these new opportunities and are taking advantage of them. Let us hope that this year we will be considerate of the rest who are not able to take advantage of the emerging opportunities within and outside the country. Amartya Lahiri, Royal Bank Research Professor of Economics at the University of British Columbia, recently said, 'Every year, 80 lakh to 1 crore new workers are added to India's labor force. This momentum will continue for a decade. Most of these new workers are coming with high school or better educational qualifications. So their expectations are proportionately higher and further fueled by the general national narrative of India's achievement finally reaching the international stage.' But aspirations do not always match the ground reality. According to Lahiri, 'The real problem is lack of skills. At present India has about 22 lakh graduate, post graduate and Ph.D. The holder produces. Unfortunately, most of them are unemployable despite receiving training. "Continued investment in the quality of higher education will be required to produce a pool of skilled workers who can find good-paying jobs in these high human capital sectors." In recent years, many programs have been started to skill the youth and enhance their skills. Many programs are also running under the Digital India initiative. Millions of youth are now more digitally savvy and educated, but the gap remains in different parts of the country. As such, there is huge inequality between northern and southern states and between men and women. Millions of Indians still do not complete school. There were 40,000 vacancies for cyber security professionals in the country by May 2023, but according to TeamLease Digital, a subsidiary of Indian recruitment and human resources services company TeamLease Services, 30 per cent of these vacancies could not be filled due to acute skill shortage. According to the Multiple Indicator Survey released by the Ministry of Statistics and Program Implementation in March last year, India is facing an acute shortage of skilled professionals related to Information and Communication Technology (ICT). The data, based on a sample of 11,63,416 people, revealed that men have higher ICT skills than women across all age groups. And only 27 percent of the people surveyed were aged between 15 to 29 years and said that they know how to send emails with documents, photos and videos. If you look at it state-wise, 47.1 percent rural youth in Tamil Nadu can do it, whereas in Bihar only 17.8 percent can do it. The percentage of people preparing computer programs using special programming languages is higher in Karnataka, Kerala, Tamil Nadu, Telangana and Andhra Pradesh. More than a quarter of the country's population consists of youth aged 15 to 29 years. The lack of ICT skills in this population is a major challenge in the increasingly digital world. This year the focus will be on how every youth can be helped to live up to his or her potential and aspirations.

# Economy: Good results may continue this year also, political and economic conditions are favourable.

The Indian economy can continue the good results of last year this year too, as the country is benefiting from political stability, economic policy stability and China's plus one strategy. However, due to geopolitical reasons and the risk of recession in major economies, India may also be affected to a greater or lesser extent. The year 2024 is going to be another good year for the Indian economy, stock market and rupee. All factors, both domestically and globally, are positive for India. Elections are going to be held in more than 70 countries around the world this year, so there will be a lot of political activity and possible changes. Although the world fears a recession in the year 2024, most countries are expecting a sharp recovery in their economies and avoiding recession. The global growth rate this year is expected to be around two percent. India is expected to have the highest growth rate, with gross domestic product (GDP) growth estimated at 6.5 percent on a real basis, while 11 percent on a nominal basis. After a sharp rise in interest rates in 2022 and the first half of 2023, major central banks, from the US Federal Reserve to the European Central Bank and the Bank of England, are expected to cut interest rates as economies slow. Are. The biggest thing is that China's economy is also slowing down, due to which the prices of commodities have fallen, which is positive for a big commodity importer like India. US interest rate cuts generally weaken the dollar. It also increases foreign portfolio inflows into emerging market economies. This is a favorable situation to increase the inflow of foreign money into India in the year 2024. The falling price of crude oil is another positive sign for the global and Indian economy this year. In this favorable global backdrop, the prospects for the Indian economy look favourable. India is truly enjoying 'Amrit Kaal' on key parameters like rising direct and indirect taxes, control on inflation, control on fiscal deficit, current account deficit and increasing acceptance of rupee. A large increase in government spending on infrastructure development will bring considerable economic benefits to the economy over the next few years. Boosting infrastructure across sectors – roads, railways, ports, airports and waterways – is expected to drive a huge increase in private capital expenditure in the second half of 2024. Every rupee spent on infrastructure has a four to six times impact on economic output or GDP growth. There is a high probability of policy continuity with the ruling coalition expected to get another term in the parliamentary elections to be held in April-May this year. This will increase the confidence of investors to expand capacity and undertake green projects. A record number of homes were purchased in the year 2023. Given the rapidly increasing income and huge demand in the housing sector, the real estate sector is likely to remain booming for the next seven to ten years. Corporate income growth is also expected to be in the range of 14-15 percent for the next few years. This is also reflected in the surge of stock market indices, which reached record highs in the year 2023 and are expected to continue at the same pace this year. Risks have been eliminated from corporate balance sheets and debt levels have also declined over the years. Banks have created separate capital buffers to meet unplanned expenditure and eliminate NPA related problems. Corporate houses are getting funds from stock markets, bond markets and banks and non-banks for their growth needs. Is. India's inclusion in global bond indices will also lead to large inflow of long-term foreign funds into the Indian bond markets. This will reduce the cost of raising funds and enrich the Indian bond market. The Reserve Bank of India had increased interest rates by 250 basis points in May 2022. It is expected that the Reserve Bank will cut rates by 50 basis points in July-August this year. India's ten-year government bond yields are expected to remain stable at around 6.6-6.75 per cent by the end of the year. There is a risk of recession in the American, European and Chinese economies, which will also slow down India's growth. There is also a risk of supply chain disruptions or rising oil prices due to geopolitical risks. Apart from this, weak monsoon due to El Nino effect can pose a challenge. Rural demand is weak and any further impact on the agricultural economy will also impact rural purchasing power. In the stock market, large companies (large caps) will perform better this year, while small and medium companies have already done well in 2023. . Domestic-oriented sectors, such as banks and other financial sectors – from mutual funds to insurance companies, will be the preferred sectors. Stocks linked to infrastructure, power, construction, real estate, railways, defense sectors will also continue to grow their revenues and earnings. It will take a few quarters for IT sector stocks to regain momentum as order inflows and earnings are expected to remain sluggish due to the global slowdown. After several years of poor performance, shares in the pharma sector are also looking attractive. Indian Rupee to be hit by higher inflows of foreign investment and weak US dollar This will help in gaining two-three percent against the dollar. Bilateral and multilateral agreements on rupee-based trade will get a boost, especially with Middle East and African countries. Although it will take a long time for the rupee to become a globally accepted reserve currency, some progress will definitely be made in this direction. Overall, the Indian economy may continue the good results of last year this year too, as India is benefiting from political stability, economic policy stability and China's plus one strategy. This year also, around 12-15 percent returns are expected in the Indian markets. India's inclusion in global bond indices will also lead to large inflow of long-term foreign funds into the Indian bond markets. This will reduce the cost of raising funds and enrich the Indian bond market. The Reserve Bank of India had increased interest rates by 250 basis points in May 2022. It is expected that the Reserve Bank will cut rates by 50 basis points in July-August this year. India's ten-year government bond yields are expected to remain stable at around 6.6-6.75 per cent by the end of the year. There is a risk of recession in the American, European and Chinese economies, which will also slow down India's growth. There is also a risk of supply chain disruptions or rising oil prices due to geopolitical risks. Apart from this, weak monsoon due to El Nino effect can pose a challenge. Rural demand is weak and any further impact on the agricultural economy will also impact rural purchasing power. In the stock market, large companies (large caps) will perform better this year, while small and medium companies have already done well in 2023. . Domestic-oriented sectors, such as banks and other financial sectors – from mutual funds to insurance companies, will be the preferred sectors. Stocks linked to infrastructure, power, construction, real estate, railways, defense sectors will also continue to grow their revenues and earnings. It will take a few quarters for IT sector stocks to regain momentum as order inflows and earnings are expected to remain sluggish due to the global slowdown. After several years of poor performance, shares in the pharma sector are also looking attractive.

# भगवान का भजन सुनते अयोध्या की ओर जा रहे यात्री, क्षेत्रीय प्रबंधक ने बसों का किया निरीक्षण




मुरादाबाद। रोडवेज प्रबंधन की ओर से मंडल से चलाई जा रही विशेष बसों के साथ अन्य गाड़ियों में भी भगवान के भजन बजने लगे हैं। प्रबंधन की ओर से 15 जनवरी से सीधी बस सेवा शुरू करने का ऐलान हुआ है

लेकिन, शनिवार को ही यात्रियों की खेप लेकर मुरादाबाद डिपो की बसे लखनऊ की ओर रवाना हो गई। क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेंद्र कुमार ने बसों का निरीक्षण किया। मुरादाबाद डिपो के प्रभारी सत्यवीर सिंह का कहना है कि सीधी सेवा के यात्री पूरा नहीं मिले हैं। लखनऊ के अधिक यात्री आ रहे हैं। सोमवार से सीधी सेवा शुरू होगी। स्पेशल बसों को पूरी तरह व्यवस्थित कर दिया गया है। नई बसों को इस सेवा के लिए नामित किया गया है।

कुल 22 बसें मंडल भर से चलेंगी। मांग के अनुसार यह संख्या बढ़ भी सकती है।

# चाकू से काट डाला पत्नी का गला, मां-बेटे के बीच अवैध संबध के शक में उतारा मौत के घाट



मुरादाबाद-गोद लिए बेटे के पत्नी से अवैध संबंध होने के शक में पति ने पत्नी को मौत की नींद सुला दिया। पति अपनी पत्नी से आए दिन सौतेले बेटे को लेकर झगड़ा करता रहता था। पति चाहता था की उनका सौतेला बेटा उनके साथ घर में न रहे जबकि पत्नी की जिद थी बेटा उनके साथ रहेगा। जिससे आजिज़ आकर पति ने अपनी ही पत्नी को मौत के घाट उतार दिया था। सौतेले बेटे से पत्नी के अवैध संबंध होने के शक में मौत के घाट उतारने और वारदात को अंजाम देकर फरार होने का मामला बीती 9 जनवरी थाना नागफनी इलाके की दौलत बाग वाल्मिकी बस्ती का है। जहां 65 वर्षीय भूरे वाल्मिकी नाम के शक्स की शादी साल 1991 में बेबी से हुई थी। उनके चार बच्चे सागर, आकाश, बेटी दीपा और बेटा छोटू थे। दीपा की 6 साल पहले ही शादी हो चुकी है जबकि छोटू उनका सौतेला बेटा है और परिवार के साथ रहता है। जिसको लेकर आरोपी भूरे वाल्मिकी और पत्नी बेबी का आए दिन झगड़ा होता रहता था। 9 जनवरी की शाम भी कुछ ऐसा ही हुआ। बेबी घर से बाहर गई हुई थी देर शाम जब घर वापस आई तो भूरे वाल्मिकी से कहासुनी हुई और बात इतनी बढ़ गई की भूरे वाल्मिकी ने घर में रखी सब्जी काटने चाकू से ताबड़तोड़ बेबी की गर्दन पर कई वार कर मौत के घाट उतार दिया और और कमरे को बाहर से बंद कर फरार हो गया था। सूचना मिलने पर संबंधित थाने की पुलिस और एसपी सिटी मौके पर पहुंच गए थे। जिसके बाद एसपी ने घटना की जानकारी ली थी और वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को जल्द गिरफ्तारी की बात कही थी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था और आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। महज तीन दिन में पुलिस ने फरार आरोपी भूरे वाल्मिकी को गिरफ्तार कर इस मर्डर का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल किए गए चाकू को बरामद किया है। पुलिस ने घटना के खुलासे के बाद आरोपी भूरे वाल्मिकी का मेडिकल परीक्षण कराकर न्यायालय के सामने पेश कर दिया है।

# सभी धर्म गुरुओं एडवोकेट एक्सपोर्टर डॉक्टर नौजवानो से मुलाकात की



क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इंडिया पसमांदा समाज हाजी सलाहउद्दीन मंसूरी के निवास स्थान पर पूर्व राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा सय्यद जफर इस्लाम साहब तशरीफ़ लाए

और सभी धर्म गुरुओं एडवोकेट एक्सपोर्टर डॉक्टर नौजवानो से मुलाकात की इस मौके पर पदम श्री दिलशाद अवॉर्डी पंडित आचार्य धीर शान दास अरविंद अग्रवाल जोनी पंडित महान चंचल दास डेनिल मासी शिबली मिया नवाब हयातुल नबी गुल्लू मिया हाफिज इफ्तिखार मुतुजाब कादरी नदीम मिया अजय सोती एडवोकेट आरिफ मंसूरी मश्कुर मंसूरी ताहिर हुसैन मुशाहिद हिला आलम अफजल आलम नजाकत हुसैन शबाब जुबेर आलम शुएब आजम मुख्तार असलम गुलाम साबिर महमूद हुसैन आदी और बहुत सारे लोगो ने अपनी अपनी बात उनके सामने रखी उन्हों ने बा खूबी सुना है में जफर इसलाम साहब का उनके साथ आए लोगो का दिल की गहराईयो से शुक्रिया अदा करते है

# मानीय अशफाक सैफी साहब से सर्किट हाउस जाकर मुलाकात की

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के वरिष्ठ नेता फुरकान हुसैन ने राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष माननीय अशफाक सैफी साहब से सर्किट हाउस जाकर मुलाकात की और अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे प्रोग्राम के बारे में जानकारी दीशुक्रिया मोदी भाई जान नरेंद्र मोदी डाउनलोड एप अभियान महानगर के सभी



मुस्लिम क्षेत्रों में तेज गति से चलाया जा रहे हैं इस बारे में जानकारी दी

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान झड़प, दो पक्षों में विवाद के बाद फायरिंग, मौके पर अफरा-तफरी



मुरादाबाद-मुरादाबाद के देवापुर में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम चल रहा था। इसी बीच कुछ लोगों में विवाद हो गया। हंगामा मचने पर एक युवक ने फायरिंग कर दी। इससे अफरा-तफरी मच गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।मुरादाबाद में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान विवाद हो गया। मामला बढ़ने पर दो पक्षों में झड़प हो गई। एक बीच एक युवक ने फायरिंग कर दी। इससे अफरातफरी मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच दोनों पक्षों को शांत करवाया। अधिकारियों ने बताया कि कटघर थाना क्षेत्र के देवापुर में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम चल रहा था। तभी दो पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

मामला बढ़ने पर उनमें बहस के बाद मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि इस बीच एक युवक ने फायरिंग कर दी। इससे हंगामा मच गया। फायरिंग और विवाद की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे।

उन्होंने लोगों को शांत करवाने की कोशिश की लेकिन वह आरोपी की गिरफ्तारी पर अड़ गए। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। फायरिंग करने वाला युवक मौके से फरार हो गया। वह भाजपा नेता बताया जा रहा है।

# चार साल से रिलेशन में थी युवती, समझौते के बाद भी प्रेमी ने नहीं की शादी, प्रेमिका ने ट्रेन से कटकर जान दी

मुरादाबाद-अमरोहा निवासी युवती का स्थानीय युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। चार साल बीतने के बाद भी दोनों की शादी नहीं हो पाई। मामले में दोनों पक्षों की बैठक में जल्द गोद भराई की रस्म पूरी करने की बात हुई। जब युवक ने मना कर दिया तो युवती ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। प्रेम प्रसंग के चार साल बाद भी प्रेमी ने शादी नहीं की तो युवती ने ट्रेन से काट कर जान दे दी। घटना के पांच दिन बाद मामले में प्रेमी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस जांच कर रही है। यह घटना अमरोहा देहात थानाक्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर हुई। क्षेत्र के गांव में किसान का परिवार रहता है। उसकी 24 साल की बेटी का चार साल से क्षेत्र के ही गांव रामहट के रहने वाले तुषार के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। तुषार के परिवार वाले शादी करने को तैयार नहीं थे। 27 अगस्त 2023 को लिखित में समझौता हुआ कि वह जनवरी 2024 में गोद भराई की रस्म पूरी कर लेंगे। आठ जनवरी को युवती अपने घर से प्रेमी तुषार के पास जाने की बात कहकर निकली थी। वापस नहीं लौटी। परिजनों ने तुषार से फोन करके पूछा तो उसने युवती को बुलाने की बात से इनकार कर दिया। उसने यह भी बताया कि युवती उसके पास नहीं आई। काफी तलाश करने के बाद भी युवती का कहीं पता नहीं चला। परिजन अभी पुलिस में शिकायत दर्ज करने जा रहे थे। तभी जानकारी मिली कि किसी युवती ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। यहां मृतक युवती की पहचान किसान की बेटी के रूप में हुई। पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बाद में मृतक युवती के पिता ने शिकायती पत्र देकर बेटी के प्रेमी तुषार पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया। आरोप है कि समझौते में तय होने के बाद भी तुषार और उसके परिवार वालों ने गोद भराई की तारीख तय नहीं की और न शादी करने को तैयार हुए। जिस कारण मजबूर होकर युवती ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। तुषार और युवती के बीच चार साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि मामले में मृतक युवती के पिता की शिकायत पर तुषार के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# देहरादून-सूबेदारगंज की साप्ताहिक एक्सप्रेस ने बनाया विलंब का नया रिकॉर्ड



मुरादाबाद। देहरादून से सूबेदारगंज को चलने वाली साप्ताहिक एक्सप्रेस ने विलंब का नया रिकॉर्ड बनाया। शनिवार को यह ट्रेन 10 घंटे 50 मिनट के विलंब से पहुंचेगी जबकि, अमृतसर से न्यू जलपाईगुड़ी के बीच चलने वाली क्लोन एक्सप्रेस 6 घंटे 42 मिनट के देर से चल रही है। अप साइड की राजधानी एक्सप्रेस ने फिर विलंब का रिकॉर्ड बनाया। यह गाड़ी 4 घंटे 6 मिनट की देर से चल रही है। उदयपुर मेल के यात्रियों को एक घंटा 15 मिनट इंतजार करना पड़ा। अवध असम एक्सप्रेस के दोनों फेरे प्रभावित हैं। अप साइड में यह गाड़ी एक घंटा 41 मिनट और डाउन साइड में दो घंटा 28 मिनट की देरी से चल रही है। जम्मू से गुवाहाटी के बीच चलने वाली लोहित एक्सप्रेस 3 घंटा 44 मिनट से चल रही है। आनंद विहार से सहरसा के बीच चलने वाली गरीब रथ चार घंटा 13 मिनट चल रही है। आनंद विहार से मालदा टाउन के बीच चलने वाली स्पेशल रेल गाड़ी 1 घंटे 32 मिनट की देरी से चल रही है।

# सांसद ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।पृथ्वीपुर नवदिया और बीजामऊ में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सांसद संतोष गंगवार मुख्य अतिथि रहे,कार्यक्रम में विधायक डॉक्टर एमपी आर्य एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, कार्यक्रम में सांसद श्री गंगवार ने सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी जन कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी। लाभार्थियों को आवास प्रमाण पत्र और चाबी वितरण किया ,कार्यक्रम में जिला महामंत्री भाजपा महिला मोर्चा डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार




, मंडल अध्यक्ष शशि कपूर ,मंडल अध्यक्ष रिंकू अवस्थी ,खंड विकास अधिकारी महेश चंद्र शाक्य, अनिल कुमार ब्लॉक अधिकारी, प्रधान प्रहलाद , हीराकली कोटेदार रोहतास, राम मोहन गंगवार, जिला सहकारी बैंक निदेशक प्रेम बाबू गंगवार ,जिला उपाध्यक्ष मनोज दिवाकर ,तुलाराम गंगवार एवं भारी संख्या में ग्रामवासी क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# पति नहीं प्रेमी के साथ रहूंगी: मर्जी के बगैर तीन माह पहले कर दी शादी, पुलिस से कहा- मेरे लिए प्यार ही सबकुछ

मुरादाबाद-नवविवाहिता शादी के तीन माह बाद ही प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ गई है। उसने इसके लिए पुलिस से गुहार लगाई है। उसका आरोप है कि घरवालों ने उसकी मर्जी के खिलाफ शादी कर दी थी। इससे वह खुश नहीं है। शादी के तीन महीने बाद ही महिला पति को छोड़कर प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी है। महिला ने इसके लिए पुलिस से भी गुहार लगाई है। महिला का कहना है कि वह पांच वर्ष से युवक से प्रेम करती है। उसकी शादी मर्जी के बिना तीन महीने पहले कर दी। महिला का कहना है कि वह अपने प्रेमी के साथ ही रहना चाहती है। दरअसल बृहस्पतिवार की दोपहर महिला प्रेमी मिलने के लिए उसके घर आया था। इस दौरान घर पहुंचे महिला के पति ने पकड़ लिया और महिला के प्रेमी की जमकर पिटाई की। इसकी सूचना यूपी 112 पुलिस को भी दी। मौके पर पहुंची पुलिस महिला के प्रेमी और पति को थाने ले गई। जहां शांतिभंग में चालान किया गया। शुक्रवार को थाने पहुंची महिला ने कहा कि वह अपने प्रेमी के साथ रही रहना चाहती है। पति के साथ नहीं रहेगी। कार्यवाहक थाना प्रभारी ने बताया कि महिला के पति और प्रेमी का शांतिभंग में चालान किया गया था। महिला इसके बाद थाने नहीं आई है। यदि कोई तहरीर देती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। पति ने महिला को उसके प्रेमी के साथ पकड़ा-संभल के नखासा थाना क्षेत्र के एक गांव में किराए के मकान में रह रही शादीशुदा महिला से मिलने उसका प्रेमी पहुंच गया। महिला का पति घर पहुंचा तो उसने प्रेमी को पकड़ लिया। इसके बाद पत्नी और उसके प्रेमी की पिटाई की। साथ ही यूपी 112 पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रेमी युवक को हिरासत में लिया। इसके बाद महिला का पति भी थाने पहुंच गया। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि आपसी मामला है।एक दूसरे के रिश्तेदार हैं। पति और पत्नी के बीच विवाद की भी जानकारी मिली है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# जीआरपी ने चोरी व खोए हुए 345 मोबाइल लोगों को लौटाए, खुशी का नहीं रहा ठिकाना


क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



झाँसी। जीआरपी लाइन में कुछ अलग ही नजारा था। काफी संख्या में लोग मौजूद थे। पुलिस अधीक्षक रेलवे विपुल कुमार श्रीवास्तव एक एक करके लोगों को मोबाइल दे रहे थे। अपने हाथों में मोबाइल पाकर इन लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उनके चेहरे पर यह खुशी साफ दिखाई दे रही थी। मोबाइल पाने के बाद सभी लोग धन्यवाद भी दे रहे थे। दरअसल इन सभी लोगों के चेहरे पर जो खुशी है वो जीआरपी अनुभाग की वजह से है। जीआरपी ने आज इन लोगों के खोए और चोरी हुए मोबाइल वापस किये है। जीआरपी अपर पुलिस महानिदेशक जयनरायन सिंह के आदेशानुसार, पुलिस अधीक्षक विपुल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में ट्रेनों व रेलवे स्टेशनों पर गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक नईम खाँन मंसूरी के पर्यवेक्षण में क्राईम ब्रांच, सर्विलांस एवं थानों से संयुक्त टीमों का गठन किया गया। जिसका परिणाम जीआरपी ने 345 मोबाइल की बरामदगी है जो कि गठित टीमों के अथक प्रयास से संभव हुआ आपकों बताते चले कि जीआरपी झाँसी अनुभाग में 345 मोबाइल फोनों की बरामदगी की है। यह वे फोन है जो रेलयात्रा के दौरान यात्रियों के गिर गए थे या फिर चोरी हो गए थे। बरामद किए गए सभी मोबाइल की अनुमानित कीमत 34 लाख 50 हजार रुपये है। जीआरपी ने जो भी मोबाइल फोन बरामद किये है उनमें से अधिकतर मोबाइल फोन अच्छे ब्रान्ड जैसे आई फ़ोन, वन प्लस, सैमसंग आदि के हैं । बरामद मोबाइल फोनों को उनके स्वामियों को बुलाकर सुपुर्द किया गया है। रेलवे पुलिस अधीक्षक से मोबाइल पाकर सभी लोगों के चेहरे पर अलग ही खुशी नजर आ रही थी। काफी लोग तो खुशी से उछल पड़े। अधिकतर लोग तो आगरा शहर से बाहर के थे। मोबाइल मिलने के साथ ही लोगों ने पुलिस अधीक्षक और जीआरपी को धन्यवाद दिया। लोगों का कहना था कि उन्होंने तो अपने खोए और चोरी हुए मोबाइल वापस पाने की उम्मीद नहीं थी लेकिन यात्रा के दौरान मोबाइल गिरने और चोरी होने पर उन्होंने एफआईआर दर्ज कराई थी। आज मोबाइल मिलने पर वे काफी खुश है।

# मकर संक्रांति पर रकसगंडा जलप्रपात में लगेगा दो दिवसीय मेला

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल



सूरजपुर- चांदनी बिहारपुर- मकरसंक्रांति के मौके पर क्षेत्र के पर्यटन स्थल रकसगंडा जल प्रपात पर मेला का 14 व 15 जनवरी आ यो जन को पहुंचते है बड़ी किया संख्या में सैलानी जाएगा। इस पर्यटन स्थल पर दो दिनों तक लगने वाले मेला में बड़ी संख्या में पर्यटकों एक पहुंचने की उम्मीद है। बता कि रकसगंडा जलप्रपात जिला मुख्यालय से 110 किमी की दूरी पर स्थित है। इस जलप्रपात में रिहन्द रेण नदी का पानी ऊंचाई से गिरता है जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र है। जलप्रपात के नीचे स्थित कुंड की गहराई काफी अधिक है और इसमें 100 मीटर लंबा- सुरंग भी मौजूद है। रकसगंडा जल प्रपात पर नए वर्ष से ही सैलानियों की भीड़ उमड़नी शुरू हो जाती है। ऊंचाई से गिरते झरने को देखने के लिए दूर दूर से सैलानी पहुंचते है। इसके साथ ही मकर संक्रांति के मौके पर 14 व 15 जनवरी को जल प्रपात के समीप- मिला का आयोजन किया जाता है जिसमें छत्तीसगढ़ के साथ ही मध्यप्रदेश, बिहार, झारखण्ड व अन्यि राज्यों से सैलानी पहुंचते है। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण जल प्रपात पर मकर संक्रांति के मौके पर भी बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। रकसगंडा जलप्रपात में उमड़ रहे सैलानी, मकर संक्रांति पर लगेगा मेला -रिहंद नदी पर स्थित रकसगण्डा जलप्रपात की सुंदरता देखते ही बनती है। रकसगंडा जलप्रपात छत्तीसगढ़ राज्य का प्रसिद्ध जलप्रपात है। जो बलरामपुर जिले व सूरजपुर के मध्य स्थित रिहंद रेड़ नदी पर स्थित है। यहां नदी का पानी उंचाई से गिरकर एक संकरा कुंड में समा जाता है। कुंड की गहराई बहुत अधिक है। यह सुरंग जहां खत्म होती है वहां रंग बिरंगे जल छिड़काव रखता है। अपनी इस विचित्रता के कारण यह जलप्रपात लोगों को प्राकृतिक सौंदर्य की अनुभूति कराता है। प्रतिवर्ष नव वर्ष की शुरूआत होते ही इसका आनंद उठाने सैलानियों का हुजूम उमड़ पड़ता है। उल्लेखनीय है कि जिले के बिहारपुर के पर्यटन स्थल रकसगंडा जलप्रपात में शीतलहर शुरू होते ही दूर-दूर से सैलानियों का यहां पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाता है।' ज्यादा ठंड होने के बावजूद उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ सहित दूर-दूर से सैलानी यहां पिकनिक मनाने व मनोरम दृश्य का आनंद उठाने पहुंच रहे हैं। रकसगंडा जलप्रपात में प्रतिवर्ष मकर संक्राति के अवसर पर मेले जैसा माहौल रहता है और भारी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं।

# नोडल अधिकारी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध जानकारी ली

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा -विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन हेतु भारत सरकार द्वारा नामित नोडल अधिकारी श्री प्रदीप अग्रवाल आई0ए0एस0 शुक्रवार को अपरान्ह में जनपद पहुंचे नोडल अधिकारी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह सहित अन्य अधिकारियों से वार्ता कर जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए नोडल अधिकारी ने मारहरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया नोडल अधिकारी ने इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर योजनाओं के संतृप्तीकरण के संबंध में जानकारी की एवं आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना सहित अन्य योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए बताते चलें कि 15 नवम्बर को जनपद लखीमपुर खीरी, सोनभद्र से शुरू हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा का 26 जनवरी 2024 को भव्य समापन किया जाएगा जनपद के समस्त 569 ग्राम पंचायतों, 10 निकाय क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम, पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित किए जाने का लक्ष्य शासन से प्राप्त है शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की सफलता हेतु जनपद स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित कर जिम्मेदारी सौंपी है जनपद की ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर स्थानीय जन सामान्य द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है, इस दौरान केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभार्थियों द्वारा अपने अनुभव साझा किया जा रहे हैं इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, सीडीओ डॉ0 एके बाजपेयी, सीएमओ डा0 यूके त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख रवि वर्मा, डीएसओ कमलेश गुप्ता, डीडी कृषि रोताश कुमार, कृषि अधिकारी मनवीर सिंह, डीसी मनरेगा प्रभुदयाल सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, भारी संख्या में लाभार्थी आदि मौजूद रहे।

# रोहित राय बने अपना दल ( एस ) युवा मंच के प्रदेश सचिव

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



झाँसी। भारतीय जानता पार्टी की सहयोगी दल अपना दल ( एस ) ने अपने पार्टी की प्रदेश स्तर के गठन में प्रदेश के विभिन्न मंचों के पदाधिकारियों की सूची जारी की.

प्रदेश अध्यक्ष एवं सम्बन्धित मंचों के प्रदेश अध्यक्षगण की संस्तुति के उपरान्त राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अनुप्रिया पटेल से प्राप्त अनुमति के क्रम में अपना दल ( एस ) के प्रदेश के नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा हुई। पार्टी के लखनऊ मुख्यालय से जारी पदाधिकारियों की सूची में जनपद झाँसी के रोहित राय को युवा मंच के प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। बताते चले रोहित राय वर्तमान में समाजसेवक के रूप में कार्य कर रहे । साथ ही श्राबस्ती से शिक्षक मंच के प्रदेश पदाधिकारी के रूप में प्रदेश महसचिव प्रह्लाद पटेल , व्यापर मंच से प्रदेश सचिव राजेश कुमार शुक्ला , विजय सिंह आदि को नियुक्त किया गया है। प्रदेश सचिव पद पर नवनियुक्त रोहित राय ने यह जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व ने जिस विश्वास के साथ मुझे ये जिम्मेदारी सौंपी है उसको पार्टी की नीतियों पर चलते हुए पूरी ईमानदारी तथा निष्ठा से निभाऊंगा। उक्त मनोनयन पर उनके सुभचिंतको ने फ़ोन संचार, सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई दी।

# मक्का मदीना उमरा करने जा रहे यात्रियों का झाँसी स्टेशन पर किया गया स्वागत

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



झाँसी ! इस्लाम धर्म के पवित्र स्थल मक्का मदीना को उमरा करने जा रही नूरजहां बानो का झांसी रेलवे स्टेशन पर मुस्लिम समाजजनों व खानदान के लोगों ने स्वागत किया। उमरा यात्रा पर जा रही नूरजहां का फूल माला पहनाकर सम्मान कर अच्छी यात्रा और देश की खुशहाली और अमन चौन की दुआएं मांगी गई। उमरा करने जा रही नूरजहां का स्वागत करने आए लोगों ने अपने हक में दुआएं करने को कहा। इस अवसर पर मोहम्मद खलील ने कहा कि आज मैं बहुत खुश हूं मेरी तमन्ना थी मेरी मां भी हज पर जाए आज अल्लाह ने मेरी तमन्ना मेरी मां को उमरा करवा कर पूरी कर दी ईश्वर से यही दुआ है जैसे मेरी मां उमरा को जा रही हैं इसी तरह सभी के मां बाप को हज और उमरा नसीब हो मैं परवरदिगार का बहुत शुक्रगुजार हूं। हज पर जा रही नूरजहां के बड़े बेटे ने स्टेशन पर आए हुए सभी लोगों का शुक्र अदा किया। इस मौके पर मोहम्मद वकील, मोहम्मद खलील , रेशमा बानो, फमीदा बानो, सोनू, सफीक, इलियास, जोहरा बेगम, जफर खान, मुश्ताक अली, शाहीन बानो, रहमतुल्लाह मंसूरी, अली, समीम छतरपुर रजिया, आसिफ अंजुमन आसमा नजमा राशिद जायदा आशु नाहिद जाहिद महक सिमर आलिया मौजूद रहे।

# डीआईओएस कार्यालय में पनपा भ्रष्टाचार का विकास ?

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा -उत्तर प्रदेश सरकार शासनादेश जारी करके किसी भी प्राइवेट कर्मचारी को कार्यालय में निषेध/प्रतिबंधित कर चुकी हो लेकिन भ्रष्टाचार की चमक इतनी चमकीली है कि अधिकारियों को शासनादेश दिखना ही बंद हो गया जनपद एटा के जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में भ्रष्टाचार का एक अनोखा मामला सामने आया है। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में बिना किसी नियुक्ति/पद के पिलुआ वाला विकास वहां कैसे जम गया ?,यह अपने आप में बड़ा प्रश्न है । जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय से लेकर उनके आवास तक विकास छाया हुआ है , विकास की हनक इतनी है कि जब चाहे तब किसी भी प्राचार्य या शिक्षक को फोन घुमा देता है । जब जानकारी की गई , तो पता चला कि विकास की नियुक्ति जनता इंटर कॉलेज पिलुआ में लिपिक के पद पर हुई थी , इस नियुक्ति का आज तक किसी सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमोदन नहीं दिया गया और न कभी कोई वेतन भुगतान हुआ । इस भ्रष्ट विकास के इस भ्रष्टाचार की शिकायत जिलाधिकारी एटा व मुख्यमंत्री से भी की गई है , लेकिन सबसे बड़ी बात कि जिला विद्यालय निरीक्षक इस पिलुआ वाले विकास को क्यों अपने साथ रखते थे ? । एक और चौंकाने वाली बात सामने आई है , डी एल एड परीक्षा के दौरान डाइट प्राचार्य के सचल दल में पिलुआ वाले विकास की नियुक्ति गई , जिसकी शिकायत जिलाधिकारी से की गई तो आनन फानन में इसे हटा दिया गया । ह पिलुआ वाला विकास किस अधिकार के तहत जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ गाड़ी में बैठकर चला था ? और क्यों उनके कार्यालय में हरदम उपस्थित रहता था , इस बात का उत्तर शायद जिला विद्यालय निरीक्षक ही दे सकते हैं । म न छापने की शर्त पर कई शिक्षकों ने बताया कि डीआईओएस के सरकारी सीयूजी नंबर तक को भी यह पिलुआ वाला विकास रिसीव करने लगा था एवं कई बार शिक्षकों को फर्जी कार्यवाही का भय दिखाकर उनसे धन उगाही भी कर लेता था । बड़ा सवाल - इस पिलुआ वाले भ्रष्ट विकास और इसे संरक्षण देने वाले जिला विद्यालय निरीक्षक चंद्रकेश सिंह यादव पर क्या कोई कड़ी कार्यवाही होगी या इसे ऐसे ही छोड़ दिया जाएगा इस पर हमारी नजर बनी रहेगी ।

# दो दिवसीय भारत संकल्प यात्रा का आज होगा आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच -पवन कुमार

कोंच( जालौन )नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी पवन किशोर मौर्य ने दिन शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि दिनांक 14 जनवरी 2024 को दोपहर 2 से 5 बजे तक तहसील परिसर के समीपस्थ कैलिया बस स्टैण्ड एवं दिनांक 15 जनवरी 2024 को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एस आर पी इंटर कालेज के मैदान में भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया है जिसमें स्वच्छ भारत मिशन प्रधानमंत्री आवास योजना प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना पी एम विश्वकर्मा योजना आयुष्मान कार्ड एवं अन्य सभी योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों का सम्मान किया जाएगा और जिन नागरिकों को उक्त योजनाओं का लाभ नहीं मिला है उन्हें योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए नए फार्म भरवाए जायेंगें उक्त कार्यक्रम में जरूरत मंदों को पालिका परिषद द्वारा कम्बल भी वितरित किये जायेंगे अधिशाषी अधिकारी ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि उक्त आयोजित कार्यक्रमों में अपना पंजीकरण करवाकर योजनाओं का लाभ लें।

# दिनदहाड़े बाइक सवार को मारी गोली, हालत गंभीर



क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

